राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक 19–05–2020

–: प्रेस नोट :–

आज दिनांक 19–05–2020 को प्री–लिटिगेशन समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता आयोग के माननीय सदस्य श्री शिवसिंह राठौड़ द्वारा की गई। बैठक में आयोग सचिव श्री आशीष गुप्ता, विधि परामर्शी श्री अश्विनी विज, संयुक्त सचिव श्रीमती नीतू यादव, उप विधि परामर्शी श्री अनिल गुप्ता उपस्थित रहे।

प्री–लिटिगेशन समिति द्वारा Social Distancing (सामाजिक दूरी) का विशेष ध्यान रखते हुए कुल 28 प्रकरणों पर विचार कर निस्तारित किया गया। उक्त प्रकरणों में उप निरीक्षक पुलिस संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा–2016, वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा–2016 व 2018, प्रधानाध्यापक भर्ती–2018, तृतीय श्रेणी प्रतियोगी पर्रीक्षा–2006, पी. टी.आई–2013, स्टैनोग्राफर–2011, कॉलेज लेक्चरर विधि–2014, कनिष्ठ लेखाकार व तहसील राजस्व लेखाकार परीक्षा–2013, प्राध्यापक–(संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2018 आदि के वर्ग परिवर्तन, आरक्षण, चयन संबंधी प्रकरण विचारित किये गए।

(नीतू यादव)
संयुक्त सचिव एवं
सदस्य सचिव–प्री–लिटिगेशन समिति